हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 26 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

11 खरोरा को चेम्बर ऑफ कॉमर्स इकाई का दर्जा मिलने से...



12 शराब कोचियों के खिलाफ प्रशासन करेगी सख्त कार्रवाई




## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत सदस्य पद के आरक्षण की कार्यवाही 29 को

**बलौदाबाजार।** जिले के जनपद पंचायत सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन, आरक्षण के लिए नियमानुसार कार्यवाही 29 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। आरक्षण की कार्यवाही छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के प्रावधानों के अधीन होगी।

### राहगीर से मारपीट तीन गिरफ्तार

**भाटापारा।** सेंदरी बोरासी मार्ग पर चारपहिया वाहन रोककर मारपीट करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला ग्रामीण थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को प्रार्थी ऋषभ घृतलहरे कुछ लोगों के साथ बिल्हा की ओर जा रहा था, जिसमें बोरासी ब निवासी आरोपी अमर बांधे, पुरेन्द्र, हिरालाल ने टार्च दिखाकर गाड़ी रूकवाई और मारपीट की, इसमें ऋषभ को बांस डंडे से मारपीट करने पर गंभीर चोट आयी। पुलिस ने शिकायत दर्ज होने पर जांच की, जहां इस प्रकरण में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में तीनों लोगों ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है।

### अटल परिसर का किया गया भूमिपूजन

**बागबाहरा।** 25 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 100वीं जयंती पर बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 में पेट्रोल पंप के पास राशि 28.16 रुपए लाख की लागत से अटल परिसर निर्माण कार्य का शिलान्यास विष्णुसाय मुख्यमंत्री एवं अरुण साव उपमुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल भूमिपूजन किया गया। मंच पर हीरा सेतराम बघेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा एवं स्मिता हितेश चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा मौजूद रहे। कार्यक्रम में दीपक यादव उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा, डिंपल ध्रुव भाजपा मंडल अध्यक्ष, मोगेश चंद्राकर पार्षद, सूर्य कुमार देवांगन पार्षद, लोकेश्वर चंद्राकर पार्षद, मदन देवांगन, हितेश चंद्राकर, नीरज सोनी, नितेश पांडे, भावेश पुरोहित, अशोक दीप, सत्यनारायण तांडी, डीएल बर्मन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, शशि प्रताप सिंह, उप अभियंता एवं समस्त नगरपालिका के कर्मचारीगण एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

### वाजपेयी के जन्मदिन पर जन औषधि केंद्र की हुई शुरुआत

**सरायपाली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय आनंद कोसरिया के मार्गदर्शन में विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह, फार्मासिस्ट अनिल पाढ़ी के सहयोग से भूतपूर्व प्रधानमंत्री मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्व. मोहन लाल चौधरी सामुदायिक स्वस्थ केंद्र सरायपाली में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल द्वारा फीता काट कर किया गया। सीएचसी को 20 डस्टबिन भी उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अमित भोई, वीणा मेश्राम, तिलोत्मा पटेल, नवीन साहू आदि मौजूद रहे।

### सुशासन दिवस पर मरीजों को बांटे गए फल

**बागबाहरा।** भाजपा मंडलल बागबाहरा (शहर) द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री व छग राज्य के निर्माता भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया गया।

# सुशासन दिवस : नगर में 27.61 लाख में बनेगा अटल परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के 100वीं जयंती पर बुधवार को बलौदाबाजार स्थित गार्डन चौक में अटल जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने 27.61 लाख की लागत से गार्डन चौक में अटल परिसर निर्माण का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि आज हम सबके लिए ऐतिहासिक दिन है। पूरे हिंदुस्तान में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी को याद किया जा रहा है। उनकी जयंती पर अटल परिसर निर्माण का भूमिपूजन किया गया। स्व. अटल बिहारी बाजपेयी अद्भुत व्यक्तित्व के धनी थे। किसी व्यक्ति के नाम लेने मात्र से मन में एक भाव एक छवि उत्पन्न होती है, उसी प्रकार अटल बिहारी बाजपेयी का नाम लेने मात्र से विराट व्यक्तित्व की छवि मन में उभर आती है। उन्होंने कहा कि गार्डन चौक में अटल परिसर और अटल प्रतिमा का निर्माण होगा। प्रतिमा को देखकर लोगों को उनके विशाल व्यक्तित्व के दर्शन होंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, नरेश केशरवानी, पार्षद सविता साहू, रीटा केशरवानी, रोहित साहू, अमितेश, नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## राजस्व मंत्री ने किया अटल परिसर निर्माण का भूमिपूजन




### खरोरा में भी बनेगा अटल परिसर



**खरोरा।** सुशासन दिवस पर अटल परिसर का भूमिपूजन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर किया गया। खरोरा में भी बलौदाबाजार–खरोरा मुख्य मार्ग तिराहा में अटल परिसर के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि धरसींवां विधायक अनुज शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा व समस्त नगर पंचायत के पार्षदगण रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, तहसीलदार शेखर मंडाई के साथ साथ स्थानीय व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, नगर पंचायत पार्षद राहुल मरकाम, रश्मि वर्मा, तोरण ठाकुर, भरत कुम्भकार, जुबैर अली, पंचराम यादव, पूर्णेद्र पाध्यय, संत नवरंगे व भरत पंसारी, विकास ठाकुर, सुमित सेन, पूर्णिमा दीपक धनकर तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## गार्डन की सफाई कर दिया स्वच्छता का सन्देश, सद्भावना की ली शपथ

# अटलजी की जयंती पर मंत्री सहित कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों ने लगाई सद्भावना दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार






पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयंती पर 25 दिसम्बर को जिले में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गार्डन चौक में सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी व नगरवासी शामिल हुए। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सद्भावना दौड़ प्रातः 6.30 बजे गार्डन चौक से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग बस स्टैंड से आगे बिरजू हॉस्पिटल से यू टर्न लेकर महामाया मंदिर के सामने से होते हुए पुनः गार्डन चौक में सम्पन्न हुई।

इसके पश्चात चौक के गार्डन में साफ–सफाई कर स्वच्छता का सन्देश दिया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री वर्मा सहित अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने उपस्थितों को सद्भावना की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में मंत्री वर्मा ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी के जन्म जयंती पर आज भारत देश में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है और सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटलबिहारी बाजपेयी के राज्य बनाने के निर्णय ने प्रदेश को गौरव प्रदान किया। वे एक कवि, लेखक विचारक और कुशल राजनेता थे। बाजपेयीजी के जीवनी को पढ़ने से जीवन में ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में देश व प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, नगरपालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, भूपेंद्र अग्रवाल मिथलेश डोंडे, एसडीएम अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 28 दिसम्बर को संभावित बलौदाबाजार प्रवास के दौरान जिला ऑडिटोरियम के लोकार्पण कार्यक्रम के मद्देनजर कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को नवनिर्मित जिला ऑडिटोरिम में तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने वीवीआईपी प्रवेश, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, विद्युत व्यवस्था सहित सभी तैयारियों के सेबंध में अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ऑडिटोरियम की साफ–सफाई, साज –सज्जा, लोकार्पण शिला हेतु उपयुक्त स्थल सहित वीवीआईपी, वीआईपी एवं सामान्य प्रवेश के लिए रुट निर्धारण सहित अन्य सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

- कलेक्टर ने जिला ऑडिटोरियम की तैयारियों का लिया जायजा

उल्लेखनीय है कि जिले की सबसे बड़े आडिटोरियम का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास की मदद से लगभग 636.72 लाख से किया गया है। ऑडिटोरियम में 1 हजार लोगों की बैठने की क्षमता होगी जो कि पूर्णतः वातानुकुलित होगा। इसके साथ ही ऑडिटोरियम में 2 वीआईपी कक्ष, डायनिंग हॉल सहित फायर फाइटिंग सिस्टम भी मौजूद है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, दीप्ति गौते, एसडीएम अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# तुलसी पूजन दिवस पर निकाली संकीर्तन और कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



ग्राम तुलसी में तुलसी पूजन दिवस पर साहित्यकार अशोक धीवर के संयोजन में संकीर्तन एवं कलश यात्रा निकाली गई। इसमें ग्राम के सैकड़ों महिलाएं एवं बच्चों ने कलश यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। तालाब से कलश में जल भरकर गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए रावण भाठा दशहरा मैदान में स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर पहुंचे, जहां सभा का आयोजन हुआ, तुलसी पूजन किया गया। मुख्य अतिथि कवि जितेन्द्र कुमार निर्मलकर, विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार वर्मा, कवि गोपाल प्रसाद वर्मा, शोभा राम यदु सामूहिक रूप से मां तुलसी की पूजन किया। परस राम वर्मा गुरु ने मां तुलसीजी के महत्व को बताया। अशोक धीवर ने मां तुलसी की महिमा तथा उपचार के बारे में बताया। इस मौके पर पूर्व सरपंच प्रेमलाल यदु, प्रेमनाथ वर्मा, खरोरा से पधारे रोहित वर्मा, पुनीत राम ध्रुव, मेहत्तर धीवर, देवेश दास वैष्णव, तखत राम यदु, करण यादव एवं परमानंद धीवर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों को पेन तथा बुजुर्ग माताओं को कंबल वितरण किया गया। संचालक राघवदास वैष्णव ने कार्यक्रम का प्रयोजन बताते हुए आभार व्यक्त किया।



# ग्राम धमनी में अटल जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विकासखंड के ग्राम धमनी में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनायी गई। उपस्थित लोगों ने अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर देश में उनके योगदान को याद किया। इसमें वरिष्ठ कार्यकर्ता हेमंत साहू, कुणाल सेन, हरदयाल पैकरा, सरपंच प्रतिनिधि धमनी जनपद प्रतिनिधि भाजपा मंत्री एवं प्राधिकृत अधिकारी, बिहस कुमार कलिहारी, दीनदयाल कन्नौजे सचिव, संयोजक कुमार पटेल, अंगरराम यादव, बूथ अध्यक्ष अजय पैकरा, सुरेंद्र यदु, बृजभान यादव, ओमप्रकाश यादव, हेमंत यादव, करण यदु, मुरारी यदु, इंद्रजीत यदु, गुलशन कन्नौजे, हरीश पैकरा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की मांग पर सभी गांवों में होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



ग्राम पंचायत मल्लिन आश्रित ग्राम मोहतरा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू, अध्यक्षता खिलेंद्र वर्मा, विशिष्ठ अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, गोपी साहू, रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, मेघनाथ यादव, सरपंच भारती भगवती साहू, श्याम पटेल के आतिथ्य में संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने अतिथियों का राउत नाचा, गड़वा बाजा के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कर मितानिनों का सम्मान किया। विधायक संदीप साहू ने सत्संग भवन, यादव भवन, मुक्तिधाम शेड निर्माण का लोकार्पण किया तथा साहू भवन मानिकपुरी भवन का भूमिपूजन करने के बाद ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामवासियों की मांग के अनुरुप विकास कार्यों में किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं की जाएगी। जनता ने जो विश्वास मुझपर जताया है, उसमें खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं का निदान प्राथमिकता से पूरा किया जायेगा।

- विधायक संदीप साहू ने मोहतरा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया

इस अवसर पर बहल राम साहू, उप सरपंच मालती चंदेल, भोजराम पटेल, शिव कुमार साहू, ठाकुर राम विश्वकर्मा, हेमलाल वर्मा, देवदत्त वर्मा, बिसंभर वर्मा, रमेश वर्मा, हरिशंकर विश्वकर्मा, तोला राम साहू, रमेश कुमार साहू, मदन लाल साहू, शत्रेहन लाल साहू, झाला राम साहू, मनीराम साहू, बालाराम साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, राधेश्याम साहू, बिसंभर साहू, बीरसिंग साहू, लीलाधर प्रसाद साहू, गोकुल साहू, हेमलाल साहू, संजय साहू, घनाराम साहू, जमुना साहू, राजेश्वरी साहू, जानकी बाई साहू सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले 875 प्रकरणों में 90 लाख का न्यायालय ने लगाया जुर्माना

# ओवर स्पीड 292 वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



फाईल फोटो

यातायात पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई में ओवर स्पीड, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले एवं नाबालिक बालकों को अपने वाहन चलाने के लिए देने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई शामिल हैं। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस ने ओवर स्पीड वाहन चलाने के मामलों में वर्ष 2023 में 44 प्रकरण दर्ज किए गए थे, जबकि वर्ष 2024 में कुल 292 प्रकरण दर्ज किए हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के विरुद्ध वर्ष 2023 में 92 प्रकरण दर्ज किए गए थे, जबकि वर्ष 2024 में कुल 875 प्रकरण दर्ज किए हैं, जिसमें 90 लाख का जुर्माना न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया है। खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले मामलों में वर्ष 2023 में कुल 59 प्रकरण दर्ज किए गए थे, जबकि वर्ष 2024 में कुल 190 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसी प्रकार नाबालिक बालकों द्वारा वाहन चलाने संबंधी वर्ष 2023 में कुल 25 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि वर्ष 2024 में कुल 75 मामले दर्ज किए गए हैं। वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटना के कुल 541 प्रकरण दर्ज थे, जबकि वर्ष 2024 में कुल 618 प्रकरण सड़क दुर्घटना के दर्ज किए गए हैं। इन सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2023 में मृत व्यक्तियों की संख्या 287 एवं घायलों की संख्या 449 थी, जबकि वर्ष 2024 में मृत व्यक्तियों की संख्या 277 एवं घायल व्यक्तियों की संख्या 447 है।

### सुशासन दिवस पर अटल के कार्यों को किया याद

**बसना।** सिरको में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोहन पटेल (सभापति) की उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ। ग्राम प्रमुख सरपंच बंशीधर सिदार, उप सरपंच उत्तर तरीहा, सचिव निराकार पटेल, रोजगार सहायक रमेश ध्रुव और ग्राम पंचगण नंदलाल नाग, महेश सिदार, ज्ञान प्रकाश दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में अटल के योगदान को याद कर उनकी पूजा-अर्चना की गई।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### सोनी ने किया डामरीकरण का भूमिपूजन

**रायपुर।** विधायक सुनील कुमार सोनी ने दक्षिण विधानसभा के कटोरातालाब, शैलेन्द्र नगर, पुराना राजेन्द्र नगर चतुर्दिक मार्ग के डामरीकरण का भूमिपूजन किया। श्री सोनी ने कहा, मैं अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में वार्डवासियों के मूलभुत सुविधाओं के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों के डामरीकरण के कार्यो का भूमि पूजन करने निकला हूं। उन्होंने कहा, विकास शहर की आवश्यकता है, जनता ने भारतीय जनता पार्टी को एकबार फिर भारी मतों से विजयी बनाकर आत्मसात किया है। हम सब मिलकर रायपुर को और अधिक सुंदर बनाएंगे, हमारा शहर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा, अधिकारी जवाबदेही के साथ कार्य करें। मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सभी क्षेत्रों में अच्छा कार्य होगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा, नाली, सफाई, स्वच्छता, पानी और लाइट यह मूलभूत कार्य हैं, जो सभी वार्डो में होने चाहिए और इसकी लगातार मानिटरिंग भी होती रहेगी। कार्यक्रम को नगर निगम सभापति प्रमोद दुबेजी ने भी संबोधित किया।

### शहर कांग्रेस ने निकाला आंबेडकर सम्मान मार्च




**रायपुर।** गृह मंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में कांग्रेस लगातार चरणबद्ध आंदोलन कर रही है। बाबा साहब के अपमान के लिए देश से माफी मांगने एवं गृह मंत्री पद से इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव गांधी चौक से पैदल चलते हुए आंबेडकर की मूर्ति के पास पहुंचे, जहां उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। वहीं राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, राजेंद्र तिवारी, पूर्व सांसद छाया वर्मा, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, पंकज शर्मा, उधोराम वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, सूर्यमणि मिश्रा, श्रीकुमार मेनन, शिव सिंह ठाकुर, सुमित दास, प्रशांत ठेंगड़ी, जी श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, प्रवीण चंद्राकर, दिनेश ठाकुर, मोहम्मद फहीम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वॉलीबॉल स्पर्धा में रायपुर सेंट्रल बनी विजेता

**रायपुर।** केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा तीन दिवसीय आयोजित पावर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन 13 दिसंबर को किया गया। यह स्पर्धा स्टेट स्कूल स्थित वॉलीबॉल मैदान में किया गया। जिसमें रायपुर सेंट्रल क्षेत्र एवं कोरबा पश्चिम क्षेत्र के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें रायपुर सेंट्रल ने कोरबा पश्चिम को 3-1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा, पहला सेट रायपुर सेंट्रल 25-16 से एकतरफा अंदाज में जीत गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष सेलट द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### प्रतिभागियों को मंडल ने भेंट किए ट्रैक सूट, किट

**रायपुर।** आंध्रप्रदेश के कर्नूल जिले में तीन दिवसीय 27 से 29 दिसंबर तक आठवीं रिंग फाइट नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस नेशनल स्पर्धा में 22 राज्यों की टीम हिस्सा लेगी। छत्तीसगढ़ की टीम पहली बार इस स्पर्धा में भाग लेने जा रही है। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन ने स्पर्धा में भाग लेने के लिए 11 खिलाड़ियों का चयन किया हैं।

# नए टैरिफ के लिए जनसुनवाई पर फंसा पेंच, नियामक आयोग में दो सदस्यों का पद ही खाली

## एक सदस्य का सवा साल और एक का छह माह पहले समाप्त हो गया है कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश में बिजली का नया टैरिफ तय करने से पहले होने वाली जनसुनवाई पर इस बार बड़ा पेंच फंस गया है। दरअसल इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों का पद खाली है। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल बीते साल सितंबर में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल इस साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब



तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा। प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है। अब तक किसी और सदस्य की नियुक्ति नहीं की गई है। बिना सदस्यों के आयोग में अब किसी भी याचिका भी फैसला नहीं हो सकता है।

### बिजली की 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा। पॉवर कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा। टैरिफ तय करने से पहले आमतौर पर फरवरी में जनसुनवाई होती है, लेकिन इस बार सदस्य न होने के कारण अब तक जनसुनवाई तय नहीं सकी है।

## अपील समिति के संयोजक सच्चिदानंद उपासने बोले 27 को अपील समिति करेगी फैसला

# मंडल अध्यक्षों के चुनाव में विवाद, राजधानी के माना मंडल को लेकर भी जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा का मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो रहा है। इसमें कुछ स्थानों में मंडल अध्यक्षों के नामों को लेकर जमकर विवाद हो रहा है। पहले गरियाबंद, पेंड्रा, झाखरपारा के बाद अब राजधानी रायपुर के माना मंडल के चुनाव में विवाद हुआ है। माना मंडल अध्यक्ष के नाम का मंगलवार को ऐलान होते ही विवाद खड़ा हो गया। जिन भीमवंत निषाद को अध्यक्ष बनाया गया है, उनको कांग्रेस से आया हुआ बताकर विरोध किया गया और इसको लेकर जहां भारी संख्या में माना के कार्यकर्ता कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में विरोध करने पहुंचे, वहीं अपील समिति के संयोजक सच्चिदानंद उपासने से शिकायत की गई है। अपील समिति के संयोजक का कहना है शिकायत मिली है, इस मामले में पूरी जानकारी लेकर 27 दिसंबर को फैसला किया जाएगा। मंडलों के विवाद को लेकर मंगलवार को सुबह की भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने बयान दिया था कि प्रदेश में 476 मंडल है, थोड़ी बहुत समस्या तो आती है।

माना मंडल अध्यक्ष के चुनाव में नियमों का पालन न करने की बात वहां के कार्यकर्ता कर रहे हैं। इनका कहना है कि चुनाव के लिए पार्टी ने जो नियम बनाए गए हैं, उनका पालन नहीं



किया गया है। जिनको अध्यक्ष बनाया गया है, एक तो वे पहले किसी पद में नहीं रहे हैं, जबकि मंडल अध्यक्ष बनने के लिए पहले किसी पद में काम करना जरूरी है। इसी के साथ पैनल में जिनका नाम था, उनमें उनका नाम शामिल नहीं था जिनको अध्यक्ष बनाया गया है। पैनल में पहले नंबर पर रंजीत सिंह गौतम और दूसरे नंबर पर नरेश पिल्ले का नाम था। पैनल में पांच नाम थे। लेकिन पैनल से बाहर जाकर किसी और को अध्यक्ष बना दिया गया है। नए अध्यक्ष के नाम के ऐलान के बाद माना के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया और ठाकरे परिसर पहुंच कर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से शिकायत करते हुए भी वहां पर भी जमकर हंगामा किया। श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता माने नहीं और मंडल अध्यक्ष को बदलने की मांग करते रहे।

### गरियाबंद का विवाद आया पहले सामने

प्रदेश में भाजपा के 476 मंडल हैं, इनमें अध्यक्ष बनाने के लिए चुनाव हो रहा है। अब तक चार सौ से ज्यादा मंडलों में चुनाव हो गया है। इस बीच एक दिन पहले गरियाबंद में एक मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विवाद सामने आया। झाखरपारा में पहले उमाशंकर को मंडल अध्यक्ष बनाया, लेकिन बाद में भगवानो बेहेरा का नाम घोषित कर दिया गया। जिससे उनके समर्थकों और समाज के लोगों ने नाराजगी जताई है। फिंगेश्वर में भाजपा के वरिष्ठ नेता भगवत हरित की बहू मंजुलता हरित को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। उनके नाम का ऐलान होते ही बैठक में जमकर हंगामा हो गया। पेंड्रा में भी मंडल अध्यक्ष के चुनाव में विवाद सामने आया है। मंडल अध्यक्ष के लिए राष्ट्रीय संगठन ने 45 साल की आयु सीमा तय की है, कुछ स्थानों से यह भी शिकायत है कि वहां पर इससे ज्यादा उम्र के लोगों को अध्यक्ष बना दिया गया है।

# सुशांत शुक्ला बोले- भूपेश सरकार में राजीव युवा मितान क्लब की आड़ में सरकारी धन की हुई लूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



भाजपा के विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा, भ्रष्टाचार का वायरस कांग्रेस की रग-रग में किस कदर फैला हुआ है, यह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बनाए राजीव युवा मितान क्लब की आड़ में सरकारी धन की हुई लूट के खुलासे के बाद और ज्यादा स्पष्ट हो गया है। श्री शुक्ला ने कहा, शराब, रेत, कोयला, जमीन, गौठान के साथ-साथ गोबर के नाम पर भी घोटाले का कलंकित अध्याय रचने वाली कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार ने सरकारी खजाने में डाका डालकर छत्तीसगढ़ को 10, जनपथ का एटीएम बनाने के तमाम जतन किस तरह किए थे। राजीव युवा मितान क्लब इसकी जीती-जागती शर्मनाक मिसाल थी, जिसे प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बंद करने पर श्री बघेल ने हाल ही आंसू बहाए हैं और कांग्रेस के तमाम लोग बजाय इस घोटाले के ताजा खुलासे पर शर्म महसूस करने के अब भी राजीव मितान क्लब बंद करने को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रलाप करने में लगे हैं।

### अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष तक को ही जानकारी नहीं

*श्री शुक्ला ने कहा, राजीव युवा मितान क्लब की आड़ में भूपेश सरकार और कांग्रेस के लोगों ने प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई से अपनी तिजोरियां भरीं। रायपुर नगर निगम के जोन 9 में योजना के नाम पर साल में चार किश्तों में एक लाख रुपए जमा किए गए। इसका क्या हुआ, इसके संबंध में क्लब के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष तक को ही जानकारी नहीं थी। मजे की बात तो यह थी कि अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष तो इस क्लब का सदस्य बनना ही नहीं चाहते थे, फिर भी नगर निगम के किसी कर्मचारी ने आधार कार्ड और फोटो लेकर इन्हें पदाधिकारी बना दिया था। श्री शुक्ला ने इस खुलासे से जुड़ी खबर का हवाला देते हुए बताया, कार्यालय से जब उसकी ऑडिट रिपोर्ट निकाली गई तो उसमें पूरी-की-पूरी राशि खर्च होना बताई जा रही है। उक्त रिपोर्ट में क्लब के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के दस्तखत भी हैं, जबकि ये दोनों पदाधिकारी यह राशि आहरण करने से साफ इन्कार कर रहे हैं।*

# स्वास्थ्य जनहित से जुड़ा मुद्दा, सुधार की गुंजाइश हमेशा : जायसवाल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने अफसरों से कहा कि स्वास्थ्य जनहित से जुड़ा मुद्दा है और इसमें सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। उन्होंने आने वाले समय में रणनीति बनाकर काम करने की नसीहत दी। स्वास्थ्य मंत्री ने नव पदस्थ स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया की उपस्थिति में विभागीय प्रमुखों एवं सभी अधिकारियों को बेहतर कार्य करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। बैठक में बीते एक वर्ष के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गयी। आने वाले समय के लिए भी अधिकारियों को रणनीति बनाकर जनहित में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चर्चा की गयी। समीक्षा बैठक में चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सीजीएमएससी एवं खाद्य एवं औषधि विभाग से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला, एमडी एनएचएम विजय दयाराम के. एवं संचालक सीजीएमएससी पद्मिनी भोई समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नवा रायपुर में मेडिसिटी का प्रस्ताव

*नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिसिटी की स्थापना करने का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने अपना प्रयास शुरू कर दिया है। यह आधुनिकतम मेडिसिटी लगभग 200 एकड़ में विकसित की जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर 37 में भूमि का चिन्हांकन किया गया है। इस प्रोजेक्ट में निजी निवेश की सहायता से लगभग 5,000 बिस्तर क्षमता की स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास किया जाना प्रस्तावित है। मेडिसिटी में कई अग्रणी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, मेडिकल कालेज, छात्रावास, डायग्नोस्टिक्स सेंटर, धर्मशाला, होटल तथा वाणिज्यिक एकीकृत विकास करना प्रस्तावित है।*

# दिल्ली की बैठक में फैसला, 27 को जिलाध्यक्षों के लिए पैनल बनाकर भेजा जाएगा राष्ट्रीय संगठन को

## संगठन चुनाव की बैठक में मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश के चुनाव के पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के साथ दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। इसमें तय किया गया प्रदेश के जिलाध्यक्षों के लिए पर्यवेक्षक 27 दिसंबर तक रायशुमारी करके तीन-तीन नामों का पैनल बनाया जाएगा। यह पैनल राष्ट्रीय संगठन को भेजा जाएगा। दिल्ली में 29 दिसंबर को होने वाली बैठक में नाम तय होने के बाद नामों का ऐलान किया जाएगा।

- दिल्ली में 29 दिसंबर की बैठक में तय हो जाएंगे जिलाध्यक्ष

भाजपा का देशभर में संगठन चुनाव चल रहा है। छत्तीसगढ़ में बूथ कमेटियों के गठन के बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो रहा है। प्रदेश के चार सौ से ज्यादा मंडलों में चुनाव हो गए हैं। करीब 440 मंडलों में चुनाव होंगे और बचे हुए मंडलों के चुनाव बाद में होंगे। इसी बीच जिलाध्यक्षों को लेकर भी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।



### बिलासपुर में अब ग्रामीण अलग जिला

दिल्ली की बैठक में प्रदेश में 35 के स्थान पर 36 जिला संगठनों में जिलाध्यक्ष का चुनाव कराने का फैसला किया गया है। प्रदेश में 33 सरकारी जिले हैं, लेकिन भाजपा के 35 संगठन जिले हैं। दुर्ग में भिलाई को अलग जिला बनाया गया है। इसी तरह से रायपुर में रायपुर शहर और रायपुर ग्रामीण जिला हैं। अब बिलासपुर में भी बिलासपुर शहर और बिलासपुर ग्रामीण जिला कर दिया गया है।

### तीन-तीन नामों का बनेगा पैनल

*दिल्ली की बैठक में तय किया गया है कि हर हाल में 27 दिसंबर तक पर्यवेक्षक रायशुमारी करके तीन-तीन हर जिले के लिए तीन-तीन नामों का पैनल तय करेंगे। पैनल को दिल्ली भेजा जाएगा। दिल्ली में 29 दिसंबर को एक बार फिर से बैठक रखी गई है। इस बैठक में राज्यों के अध्यक्षों को लेकर भी मार्गदर्शन मिलेगा। इसी बैठक में छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्षों के पैनल पर फैसला होगा और उसी दिन या फिर अगले दिन नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। मंगलवार की बैठक में प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख से अब तक संगठन चुनाव को लेकर पूरी रिपोर्ट दी। बैठक में संगठन चुनाव कमेटी के सदस्य मधुसूदन यादव, चंपादेवी पावले और कृष्णमूर्ति बांधी भी उपस्थित थे।*

## अब तक 15 जिलों में मिलिंग का काम हुआ शुरू

# धान की कस्टम मिलिंग, एफसीआई का खाता नहीं खुला नान में अब तक जमा हुआ पौने चार हजार मीट्रिक टन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले मिलरों और सरकार के बीच बना गतिरोध करीब एक महीने तक जारी रहा। इस बीच राज्य में धान खरीदी शुरु होने के बाद महीनेभर तक धान की कस्टम मिलिंग शुरू नहीं हो पाई थी। अब मिलरों के काम पर लौट आने के बाद मिलिंग का काम शुरू हो गया है, लेकिन किसी भी जिले में सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई कोटे का चावल अब तक जमा नहीं हुआ है, लेकिन दूसरी ओर राज्य कोटे के लिए नागरिक आपूर्ति निगम (नान) में चावल जमा किया जा रहा है। अब तक करीब पौने चार हजार मीट्रिक टन चावल मिलरों ने जमा करा दिया है।



### सोसाइटियों को है उठाव का इंतजार

राज्य में मिलरों और सरकार के बीच गतिरोध के कारण प्रदेश भर में धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव कम मात्रा में हो पाया है। अब तक करीब 15 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। प्रदेश में अब तक खरीदी केंद्रों में 52 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जमा है। कुल खरीदी का 22 प्रतिशत धान का उठाव हो पाया है। 1480 खरीदी केंद्रों में धान का बफर स्टॉक के उपर दो-तीन गुना है। सरकार की कोशिश है कि मिलरों से सीधे मिलिंग के लिए धान उठवाया जाए। इसके साथ ही मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में भी धान परिवहन किया जा रहा है।

### 15 जिलों में नान के लिए चावल जमा होना शुरू

*छत्तीसगढ़ में अब तक 15 जिलों के मिलरों ने नान कोटे में चावल जमा कराया है। इनमें बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, बालोद, दुर्ग,राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद,रायपुर, बलरामपुर, जशपुर,सरगुजा, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी, भरतपुर जिसे शामिल है। इन जिलों में अब तक लगभग पौने चार हजार मीट्रिक टन चावल जमा कराया गया है, लेकिन राज्य के किसी भी जिले के मिलरों ने अब तक एफसीआई कोटे में चावल जमा नहीं कराया है। सूत्रों के अनुसार मिलरों को एफसीआई में चावल जमा कराने में दिक्कतें हैं। राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए अब तक पौने तीन हजार मिलरों ने आवेदन दिए हैं। इनमें से अरवा मिलिंग के लिए 2133 उसना के लिए 447, तथा कुल मिलाकर 2582 मिलों का पंजीयन किया गया है। पंजीयन की प्रक्रिया अभी जारी है।*

# मेयर ने कहा, 5 साल हमारी सरकार, 1 साल पहले तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- 18 लोगों से मिलकर चालू कराया काम, सर्वे कंपलीट

महापौर एजाज ढेबर ने कहा है, 5 साल हमारी सरकार रही, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का भूमिपूजन कर 167 करोड़ की स्वीकृति दी। इसमें टोकन के रूप में 4.50 करोड़ जारी किये। तत्कालीन सुनील सोनी के समय से चल रहे काम का सर्वे कंपलीट है, राशि जारी होनी है, इसका पूरा श्रेय कांग्रेस सरकार को है। 200 करोड़ चाहिए था। 1 साल पहले भूमिपूजन को लेकर श्री ढेबर का कहना है कि चुनाव में फायदा की सोच शायद सरकार को को होगी। शहरी सरकार के कार्यकाल का 5 साल 5 जनवरी को पूरा होने जा रहा है। 6 जनवरी से शहरी सरकार की कुर्सी प्रशासन संभालेगा। महापौर एजाज ढेबर से हरिभूमि ने उनके कार्यकाल और शहर विकास से जुड़े मुद्दे को लेकर बातचीत की। इसमें उन्होंने खुलकर अपने विचार रखे। बातचीत का सार प्रस्तुत है:

0 5 साल तक नगर निगम में आपके पार्टी की सरकार रही, प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर विधायक और महापौर भी, फिर तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण नहीं हो पाया क्यों?

0 तत्कालीन महापौर सुनील सोनी के समय से चल रहा तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कराने भूमिपूजन हमारी सरकार आने पर हुआ। सीएम से लेकर राज्यपाल और कलेक्टर तक हम गये। 18 लोगों से मिलकर काम चालू कराया। व्यापारियों के साथ बैठक की। सर्वे का काम कंपलीट है, राशि जारी होना है। 1 साल पहले सड़क चौड़ीकरण काम शुरू करने का सवाल है, तो सरकार को लगा होगा कि चुनाव में इसका फायदा मिल सकता है।

**खबर संक्षेप**

## परकोम में मनाया गया सुशासन दिवस



**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत परकोम में छग राज्य निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर बुधवार को सुशासन दिवस के रूप मनाया गया। वे एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, निःस्वार्थ समाजिक कार्यकर्ता, कवि, साहित्यकार और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। अटल चौक पर पूजन अर्चन व फूल अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई। इस दौरान सरपंच चिंतामणि चंद्राकर, पुरुषोत्तम पटेल, नेतराम पटेल, परमेश्वर पटेल, गजेंद्र मुकेश ध्रुव, खेलावन, भोज पटेल, कुलेश्वर पटेल आदि मौजूद रहे।

## रावत जाति को लेकर अधिकारियों ने ली बैठक

**सरायपाली।** नगर के न्यू सर्किट हाउस में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव वीरू कुमार साहू, सहायक अनुसंधान अधिकारी अनिता डेकाटे, ओमप्रकाश सिन्हा का जाति अनुसंधान के लिए आगमन हुआ। इस बैठक में आयोग की टीम द्वारा यादव समाज से संबंधित रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में समावेशन के संबंध में समाज के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। आयोग द्वारा रावत जाति के रहन-बसन, सांस्कृतिक, सामाजिक आदि विभिन्न विषयों पर जानकारी ली गई। बैठक सहयोगात्मक एवं उद्देश्यपूर्ण रहा। बैठक में प्रमुख रूप से ध्रुव मलिक, रथराम यादव, छालोराम यादव, नरेंद्र कुमार यादव, दासरथी यदु, पवन कुमार यादव, दुर्बादल दीप, कृष्णो टाणी, सुरेंद्र भोई, विजय यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव, भोजराज यादव, दिलीप यादव, जय यादव, संजय यादव, करण यादव, लोकेश यादव, सूरज यादव, रोहित यादव, उसत यादव, सुकल यादव, मयंक यादव आदि सामाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## अटल की जयंती को मनाया गया सुशासन दिवस

**बसना।** नगर पंचायत बसना के वार्ड क्रमांक 15 में बुधवार को भारत रत्न और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक डॉ. एनके अग्रवाल ने वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं, अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई।

**निधन**

## जगतराम ध्रुव

**भवानीपुर।** ग्राम खपरी भ निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगत राम ध्रुव



81 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को महानदी मोहान नदी तट में किया जावेगा। में फागुन सिंह ध्रुव, किशोर ध्रुव के पिता थे।

**समारोह : नगर में चेम्बर ऑफ कॉमर्स का नववर्ष मिलन समारोह हुआ**

# खरोरा को चेम्बर ऑफ कॉमर्स इकाई का दर्जा मिलने से बहुत से काम हुए आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



चैम्बर ऑफ कॉमर्स खरोरा इकाई द्वारा नववर्ष मिलन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में रायपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी, पूर्व विधायक, राजनीति से जुड़े नेतागण, पत्रकारगण व खरोरा के समस्त व्यपारी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के मुख्य चौक तिगड्डा चौक में अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा ने व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए कहा प्रदेश में दो ही ऐसी जगह जहां चैम्बर ऑफ कॉमर्स का कार्यालय है, एक रायपुर और दूसरा खरोरा जो बाकि जगहों के लिए भी एक उदाहरण पेश करता है।

चैम्बर ऑफ कॉमर्स खरोरा के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि समय बीतता गया, संगठन मजबूत होता गया। खरोरा चैम्बर ऑफ कॉमर्स को इकाई का दर्जा मिलने के बाद से बहुत से काम आसान हुए है, जहां पहले फूड लइसेंस के लिए रायपुर जाना पड़ता था, वहीं अब खरोरा चैम्बर ऑफ कॉमर्स कार्यालय खरोरा में ही इसका नवीनीकरण व रिनीवल हो जाता है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से चैम्बर ऑफ कॉमर्स प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, प्रदेश मंत्री शंकर बजाज, कन्हैया गुप्ता, राजेंद्र खरवानी, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, अध्यक्ष अग्रवाल समाज नरेंद्र अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष राइस मिल एसोसिएसन छ.ग., राजीव अग्रवाल अध्यक्ष राइस मिल एसोसिऐसन वेदराम मनहरे प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा भाजपा, अरविंद देवांगन सरंक्षक चेम्बर ऑफ कॉमर्स खरोरा, शोभराज गोधवानी सरंक्षक चेम्बर ऑफ कॉमर्स खरोरा, ईश्वरी प्रसाद देवांगन सरंक्षक चेम्बर ऑफ कॉमर्स खरोरा, गोवर्धन नायक वरिष्ठ सलाहकार चेम्बर ऑफ कॉमर्स खरोरा, रामचरण देवांगन सरंक्षक चेम्बर ऑफ कॉमर्स खरोरा, हरजीत सिंह छाबड़ा पूर्व सहायक डीओ अधिकारी, बलराम नशीने वरिष्ठ कांग्रेस नेता खरोरा मुख्य रूप से मौजूद थे।

## नगर पंचायत में अटल परिसर का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव में बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमि पूजन समस्त अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षदों के साथ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। वक्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माण में उनका बड़ा योगदान है। वह पहले व्यक्ति हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने का सपना देखा और अपने सपने को साकार किया। आज हमारा छत्तीसगढ़ वाजपेयीजी का ऋणी हैं। उनके द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई गई, जिससे गरीब वर्गों को राहत मिली, चाहे राशन योजना हो, आवास निर्माण योजना हो, आज हर गरीब को पक्का मकान मिल रहा है। साथ ही गांव–गांव में जो सड़कों का जाल बिछाया गया है, वह भी प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत है, जिससे आज लोगों को आवागमन में सुविधा हो रही है। उक्त कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक व्यापारी वर्ग एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## सुशासन और छग राज्य निर्माण के अग्रदूत रहे अटलः विमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



25 दिसंबर को स्थानीय वार्ड 7 बूथ 181 में पूर्व प्रधानमंत्री, छग राज्य निर्माता एव भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ विमल चोपड़ा, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नेता प्रतिपक्ष स्थानीय पार्षद मीना वर्मा सहित उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों ने अटल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सुशासन कार्यकाल का पुण्य स्मरण किया। पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने वाजपेयी के सुशासन काल का उल्लेख करते हुए कहा कि जनसंघ से लेकर प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भारत देश की उन्नति प्रगति और विकास के लिए अटल ने राष्ट्र और जनहित के लिए जो कार्य वो हम सब के लिए अनुकरणीय है। यह समय अटल की जन्मशताब्दी का है। भारतीय राजनीति के युगपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी प्रखर ओजस्वी वक्ता, सिद्धांत और स्वाभिमान की राजनीति के लिए आज भी लोकप्रिय जननायक के रूप में हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। विमल ने उनके कार्यकाल में हुए छग राज्यनिर्माण को छत्तीसगढ़ वासियों के अस्मिता और स्वाभिमान के लिए अनुकरणीय पहल बताते हुए गांव, गरीब मजदूर किसानों के हित में समर्पित कार्यों की जानकारी दिया और अटल के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर पार्षद हफीज कुरैशी, जिला मीडिया प्रभारी शक्ति केंद्र संयोजक गोपाल वर्मा, महिला मोर्चा प्रभारी पार्वती साहू, बूथ अध्यक्षगण सुनीता साहू, भगवती करकसे, महेश चौहान, किशन बरिहा, हेमकांति देवांगन, ललित मांझी, सरिका यादव, अमृत पाटकर, कुमारी सोनी, राधा शर्मा, शत्रुघन यादव, हन्नु साहू, सुरेंद्र यादव, ओमकार गोस्वामी, अनिता ठाकुर, सुनीता, पार्वती जलक्षत्री, महेश सोनी, छोटेलाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सुशासन दिवस पर बलौदी सहकारी समिति में किसानों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति बलौदी में विष्णु देव सरकार की सफलतम के एक वर्ष पूरा होने पर किसान सम्मान समरोह तथा भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंचल के किसानों का श्रीफल और गमछा से स्वागत किया गया।

इसमें प्रमुख रूप से रोहांसी मंडल के वरिष्ठ नेता मोहन साहू, जनपद पंचायत पलारी के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि भरत साहू वरिष्ठपूर्व महामंत्री, शिव यदु सरपंच संघ के अध्यक्ष चरण दास तेरहवंश, सहकारी समिति बलौदी के अध्यक्ष चूड़ामणि साहू, नगर पंचायत रोहांसी के अध्यक्ष ईश्वर बघेल, समिति प्रबंधक बलौदी सुभाष मिश्रा, विश्राम साहू, तुलसी राम साहू, भुनेश्वर चेलक, उगेश्वर देवांगन, पवन बंजारे सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकता एवं अंचल के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बागबाहरा में मनाया गया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा





भाजपा मण्डल बागबाहरा (शहर) में पूर्व प्रधानमंत्री व छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कार्यक्रम के संयोजक भोजनाथ देवांगन के प्रभार में आयोजित कार्यक्रम में जिला मंत्री शंकर तांडी, नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रेम साहू, जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, हरमीत सिंघ बग्गा, सत्यनारायण तांडी, चंद्रशेखर ध्रुव, जसराज बाला चंद्राकर, आबिद खान, हितेश चंद्राकर, सुरेश नरेडिया, कुलेश देवांगन, तुलसी यादव, हरिराम चंद्राकर, बृजेश गुप्ता, मोगेश चंद्राकर, भीखम ठाकुर, योगेश चिंदा, सुरेश महंती, अजीत तांडी, नीतेश पांडेय, राजा देवांगन, मोहन बघेल, महेश वैष्णव, नीरू मानिकपुरी, भावेश पुरोहित, मोहन सागर, नंदू सोनी, हितेन्द्र देवांगन सहित भाजपा कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।

## अटल ने देश को परमाणु शक्ति से संपन्न बनायाः प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के नेतृत्व में प्रकाश फैंस क्लब द्वारा बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अटल की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने अटल के योगदान और व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति से संपन्न कर देश को दुनिया के अग्रिम पंक्ति में स्थान दिलाया। अटल के विचारों के अनुसार, देश को हर स्थिति में प्रथम रखना ही सुशासन है। हमें उनके व्यक्तित्व का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष सहित राजू बाघमारे, संतोष वर्मा, विक्की महानंद, गोपाल चंद्राकर, जनक साहू, शिवा निषाद, गौरव भारद्वाज, हिमांशु तिवारी, विक्की सचदेवा, मोंटी साहू, बल्ला पटेल सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## कोलकाता की पुलिस टीम ने जीता कबड्डी प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार और ट्रॉफी

**गिधौरी।** शिवरीनारायण अंतर्राज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीश्री 108 गोपाल दास महाराज थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसके वैध अपर कलेक्टर जिला जांजगीर चांपा थे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 50 हजार एवं ट्रॉफी पुलिस टीम कोलकाता को, द्वितीय पुरस्कार 40 हजार एवं ट्रॉफी गुरुग्राम हरियाणा, तृतीय पुरस्कार 20 हजार एवं ट्रॉफी करबीहा बिलासपुर, चतुर्थ पुरस्कार 15 हजार एवं ट्रॉफी आदर्श क्लब दिल्ली को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में ऑल राउंडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट रेडर का भी इनाम दिया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने आयोजन समिति संरक्षक मनोज तिवारी, अध्यक्ष अजय कुमार कैवर्त्य, उपाध्यक्ष सुदर्शन मानिकपुरी, सचिव संतराम साहू, मुकेश मानिकपुरी, विमल सारथी, राजू यादव व समस्त नगरवासी मौजूद थे।





## छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया



**पलारी।** नगर पंचायत में स्थित आई सेक्ट कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र पलारी के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान गोल्डन आईसलैंड, मड़वा रानी माता एवं महामाया मंदिर रतनपुर का भ्रमण कर मनमोहन प्राकृतिक दृश्य का छात्रों ने लुफ्त उठाया। वहीं माता रानी का दर्शनकर आशीर्वाद लिया, जिसमें संस्था प्रमुख जानिक राम वर्मा, अंजलि, रेणुका एवं संगीता का विशेष योगदान रहा।





**रामकथा में आज श्रीराम जन्म के दिव्य प्रसंग का वाचन होगा**

# हिंदू क्रिसमस नहीं तुलसी पूजन दिवस मनाए : मानस विदुषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित संगीतमयी सात दिवसीय रामकथा के द्वितीय दिवस अयोध्या की कथा वाचिका मानस विदुषी ने शिव और पार्वती देवी के विवाह का भव्य प्रसंग से हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दूसरे दिवस शिव–पार्वती विवाह के दौरान छत्तीसगढ़ी धुन पर गाए भजनों ने श्रोताओं में अद्भुत ऊर्जा का संचार किया। श्रद्धालु भजनों की मधुर धुन पर झूम उठे। इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा भी भजनों पर थिरकते नजर आए। कथा के तीसरे दिन गुरुवार को श्रीराम जन्म के दिव्य प्रसंग का वाचन किया जाएगा।

कथा वाचिका मानस विदुषी ने शिव–पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि शिवजी सभी जीव–जंतुओं के देवता



हैं। उनके विवाह में भूत, पिशाच और सभी जीव–जंतु बाराती बनकर पहुंचे थे, जिससे पार्वती देवी के घरवाले भयभीत हो गए थे। कथा मानस विदुषी ने 25 दिसंबर को क्रिसमस के बजाय हिंदुओं को तुलसी पूजन दिवस मनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यदि इस दिन कोई पर्व मनाना ही है तो सिख धर्म के वीर बाल दिवस को प्राथमिकता दें, जो 26 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को समर्पित है, जिन्होंने धर्म और सिद्धांतों की रक्षा के लिए प्राण त्याग दिए थे।

## भागवत कीर्तन में नृत्य करने से मनुष्य को कई समस्याओं से मिलती है मुक्ति

**बिलाईगढ़।** ग्राम खुरसूला में ग्रामवासियों द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 21 से 28 दिसम्बर तक



आयोजित की जा रही है। कथा दो सत्र में प्रातः 9 से 12 तक एवं दोपहर 3 से हरि कृपा तक हो रही है। कथा के पंचम दिवस बुधवार को प्रातः कालीन सत्र में महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि भगवत कीर्तन कहीं पर भी हो तो नृत्य जरूर करना चाहिए। जो व्यक्ति भगवत्कीर्तन में नृत्य करता है उसे 84 के चक्कर से छुट्टी मिल जाती है। पं. रामकरण पांडेय ने श्रीमद् भागवत महापुराण के रामकथा सुनाते हुए कहा कि अयोध्या के राजा दशरथ के यहां श्रृंगी ऋषि द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ किए जाने के बाद चार पुत्रों का अवतरण हुआ। मुनि विश्वामित्र ने यज्ञ रक्षा के लिए राम लखन को मांग कर ले गये। जहां ताड़का, सुबाहू, मारीच आदि निशाचरों का वध श्री रामचंद्र द्वारा किया गया। विश्वामित्र के यज्ञ को इस तरह पूर्ण किया। इस कथा के प्रभाव से ग्राम खुरसूला सहित आसपास के गांव में शांति का वातावरण निर्मित हो गया है। आसपास के करियाटार, करबाडबरी, भंडोरा, दाऊबंधान आदि गांव से हजारों की संख्या में लोग कथा श्रवण कर लाभ उठा रहे हैं।

Health Town

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शिविर में 60 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**हिरमी-रावन।** ग्राम हिरमी में कल्पामृत संस्था द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन साहू भवन में किया गया। इसमें आयुर्वेद डॉ. सुरेश छत्रीय व डॉ. ललित साहू ने बीपी, शुगर, थायराईड, माइग्रेन, महिलाओं को होने वाली समस्याएं, बच्चेदानी की गांठ पथरी, किडनी, लीवर, हार्ट, कमर दर्द, घुटना दर्द, मांसपेशियों का दर्द, माइग्रेन, दाद खाज खुजली, स्किन संबंधी समस्या, बालों का झड़ना, बालों का सफेद होना, आंखों में जलन होना, कम दिखाई देना, वात. पित्त, कफ संबंधी समस्याओं का शिविर में समाधान किया गया। उक्त शिविर में ललित साहू, टाकेश साहू, रूप नारायण देवांगन, युगल कुमार साहू, सांता साहू, ,अनिता साहू, रुखमणी धुरव, मीना साहू एवं ग्रामवासी एवं उनकी टीम से जांचकर्ता उपस्थित थे।

### उपलब्धियों से भरा रहा साय सरकार का एक साल



**बलौदाबाजार।** भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा 12 महीने में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास में नये आयाम स्थापित किए हैं। विकसित भारत निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश के सभी वर्ग के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की। विष्णुदेव साय की सरकार सबका साथ-सबका विकास, सबका प्रयास इस प्रकार की भावना से काम कर रही हैं। भाजपा सरकार महिलाओं को सशक्तिकरण के लिए अपने स्वयं के खर्च के लिए और स्वाभिमान पूर्वक जीने के लिए महतारी वंदन योजना लायी और महिलाओं को प्रति माह एक हजार मिल रहा है। विष्णुदेव सरकार की प्राथमिकता में वे लोग है जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत प्रदान करने वाली है।

### अमनपुरी में रामचरित मानस गान का आयोजन

**कोमाखान।** कार्तिक पूर्णिमा पर खल्लारी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम अमनपुरी में श्रीराम चरितमानस गान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में समाज सेवक व भाजपा नेता नवीन पटेल ने श्रीराम दरबार एवं शिवशक्ति की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की मंगलकामना की। नवीन ने सनातन धर्म प्रेमियों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई देते हुए कार्तिक पूर्णिमा में स्नान, दान, अराधना के महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीराम के नाम की महिमा अपरंपार है। श्रीराम मंगलकारी व अमंगलहारी हैं। ऐसे शुभ अवसर पर श्रीरामचरित मानस गान के धार्मिक आयोजन निश्चित ही मानव के लिए कल्याणकारी है।

## सुशासन दिवस पर शिवरतन शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी को किया याद

# अटलजी के सुशासन की परिकल्पना को भाजपा सरकार कर रही साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भारत रत्न, भाजपा हस्ताक्षर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन "सुशासन दिवस" पर अटल जयंती एवं अटल परिसर समारोह कार्यक्रम का वर्चुअल प्रदर्शन नगर भवन में आयोजित हुआ। इसमें वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित थे। नगर भवन के इस आयोजन में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्चुअल कार्यक्रम के उपरांत शिवरतन शर्मा ने कहा कि अटलजी ने भारतवर्ष के लिए जिस सुशासन की परिकल्पना की थी, उस परिकल्पना को साकार करने के लिए उपस्थित हम सभी लोगों ने अपना योगदान सुनिश्चित करने संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, योगेश अंनत, आशीष जायसवाल, व्यास यदु, महाबल बघेल, आशीष पुरोहित, नंदकिशोर अग्रवाल, उमा शंकर वर्मा, अजित निषाद, रवि पांडेय, नीरा साहू, आयशा खान, मधु सोनी, सुखदेव यदु, मनीराम साहू, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं नगर के गणमान्यजन व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री रोजगार योजना अटल बिहारी वाजपेयी ने लागू की




प्रधानमंत्री रोजगार योजना किसी ने लागू की है तो अटल बिहारी वाजपेयी ने की है। ग्राम सड़क योजना किसने लागू की है तो अटल बिहारी वाजपेयी ने किया है। अगर देश में गोल्डन कॉरिडोर की सड़क बना शुरू हुई है तो अटल बिहारी वाजपेयी ने की है। अटल जी के नेतृत्व में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था, जिसके बाद पूरी दुनिया ने भारत पर अनेक प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन अटल जी ने सबका डट कर सामना किया था। पूरे विश्व में ताकत दिखाने का काम अटल बिहारी वाजपेयी ने किया।

### सुशासन दिवस के रूप में मनी अटल बिहारी की जयंती



**अमेरा।** भारतीय जनता पार्टी अमेरा शक्ति केन्द्र के पांचों बुथों के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस पर संयुक्त रूप से कार्यक्रम गुड़ी चौक में आयोजित किया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. अजय राव ने कहा कि आज से 100 वर्ष पूर्व ग्वालियर के एक शिक्षित ब्राह्मण परिवार में जन्में बालक ने देश सेवा में अहम योगदान दिया। भारत रत्न से सम्मानित अटल बाजपेयी ने प्रधानमंत्री के रूप में तीन बार इस देश की बागडोर संभाली। आज हम उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रुप में मना रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. अजय राव के साथ शक्ति केन्द्र संयोजक गजानंद त्रिवेदी, सरपंच लखेश्वरी साहू, राधा पटेल, अमेरा सहकारी समिति अध्यक्ष मनहरण फेकर, बुथ अध्यक्ष टुकेश्वर यादव, घनश्याम पटेल, मालिक साहू, ओंकार पटेल, पुष्पा साहू, रूपेश घृतलहरे, मीडिया प्रभारी मिलेश यादव सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किए।

### भाजपा मंडल ने मनाई अटलजी की जयंती

**लवन।** भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती सुशासन दिवस व जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनायी गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल लवन द्वारा साहू धर्मशाला में अटल स्मृति सभा का आयोजन कर बाजपेयी के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना व पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता विजय यादव ने अटलजी के जीवन में प्राप्त राजनीतिक उपलब्धियों, छतीसगढ़ राज्य निर्माण और अटलजी के सुशासन, राष्ट्रहित में किये गये कार्यों एवं उनके प्रेरक व्यक्तित्व के विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक गिरधारी वर्मा, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विजय यादव, मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, लाहोद मंडल अध्यक्ष रामलाल कुर्रे, नगर अध्यक्ष मीना बार्वे, उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, पंकज अग्रवाल, दिलीप बंदे, एस कुमार धीवर, सर्वेन्द्र साहू, पारस ताम्रकार, पार्षद गायेश्वर साहू, मनेन्द्र जायसवाल, चूड़ामणी सिंघम, भावेश तिवारी, दुर्गेश बाजपेयी, रमन साहू, राजेंद्र दुबे, योगेश साहू, गजानन वर्मा, चन्द्रभूषण वर्मा, धनेश टंडन,रोहित साहू, अजय साहू,प्रेमनारायण साहू, विजय साहू, सुमेन्द्र बार्वे, कमलेश वर्मा, थारीचंद्र साहू, फत्तेलाल धीवर, शिवमंगल सिंह चौहान, गेंदलाल सेन, राजेश साहू, मनोहर बंदे सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### 'अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा'

शिवरतन शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक मजबूत सुशासन के पक्षधर थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सुशासन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए। शर्मा ने कहा कि, अटल जी ने कई दशक पहले कहा था कि 'अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा' उनकी बात आज सही साबित हो गई और देश में खिला कमल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र को प्रगति की राह पर आगे लेकर जा रहा है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयीजी ने सबको साथ लेकर चलना सिखाया। वह तुष्टिकरण की राजनीति के विरोधी थे। उन्होंने कहा था कि विकास सबका होना चाहिए।

### सर्व शिक्षा अभियान अटल बिहारी ने लागू किया

अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को लेकर शिवरतन शर्मा ने कहा कि पूरे विश्व में पहचान बनाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। इस दिवस को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुशासन का मतलब है, अच्छा शासन हो और अच्छा प्रशासन हो। जनता को जन सुविधा मिले, हम अटलजी को याद करते हैं। सर्व शिक्षा अभियान किसी ने लागू किया तो अटल बिहारी वाजपेयी ने लागू किया है।

### भाजपा कार्यालय में मनी वाजपेयी जी की जयंती



*कसडोल । भारतीय जानता पार्टी 25 दिसंबर देशभर में सुशासन दिवस के रूप में मना रही है। विदित हो कि 25 दिसंबर 1925 को छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म हुआ था। उन्होंने अपने कार्य कुशलता व व्यवहार से जन जन के दिल जीते थे। इसीलिए स्व. अटल जी की याद में इस तिथि को सुशासन दिवस के रूप में देश में भाजपा मना रही है और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। इसी कड़ी में भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी की अगुवाई में भाजपा कार्यालय में अटलजी की जयंती मनाई। उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी के अतिरिक्त जिला मंत्री कृष्ण कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शीला वर्मा, महामंत्री रामचंद्र ध्रुव एवं मंडल उपाध्यक्ष संतोष वैष्णव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उसके बाद सभी कार्यकर्ता नगर पंचायत कसडोल द्वारा आयोजित जयंती में शामिल हुए। जहां राज्य सरकार द्वारा आयोजित सुशासन दिवस का कार्यक्रम देखा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, जिला मंत्री कृष्ण कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शीला वर्मा, महामंत्री रामचंद्र ध्रुव, जिला प्रतिनिधि संतोष कश्यप, उपाध्यक्ष संतोष वैष्णव, जिला मंत्री किसान मोर्चा गोटीलाल साहू, मंडल मंत्री अनिल श्रीवास, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा नागेश साहू, मंत्री हरिकांत साहू, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा अनुराधा कर्ष, उपाध्यक्ष निर्मला साहू, पार्षद गुनीराम साहू, विनोद बंजारे, सुश्री कमल कैवर्त्य, विमल वैष्णव, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त्य, गोपाल साहू, शिवकुमार साहू नगर अध्यक्ष साहू समाज, दिलहरण साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

# शराब कोचियों के खिलाफ प्रशासन करेगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- जन चेतना पद यात्रा के दौरान मुरारी मिश्रा ने कलेक्टर व एसपी को सौंपा ज्ञापन



रायपुर जिला पंचायत के पूर्व सभापति मुरारी मिश्रा द्वारा चलाए जा रहे जन चेतना पद यात्रा ग्राम सेमराडीह से निकलकर भरवाडीह, पुराण, रिसदा, कोकड़ी होते हुए बलौदाबाजार संयुक्त कलेक्टोरेट पहुंची। इसके पूर्व श्री मिश्रा द्वारा शराब के खिलाफ पांच दिनों की इस जनचेतना पद यात्रा में शामिल 45 लोगों को सम्मानित किया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ज्ञापन सौंपा गया एवं कोचियों के द्वारा अवैध शराब विक्रय पर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने चर्चा के दौरान अवैध शराब विक्रय पर कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपा। श्री मिश्रा ने खुद के नाम अनेक गांवों के कोचियों का नाम देकर कड़ी से कड़ी धारा लगाकर कार्रवाई करने की बात की। कलेक्टर ने मिश्रा को विश्वास दिलाया है कि आपके द्वारा की गई शिकायत की समीक्षा कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ गोढ़ी के ग्रामीण, परसडीह के ग्रामीण, टोनाटार की अनेक महिलाएं, रमेश सोनी, जतिन भसगौरी, ओम प्रकाश यदु, पुष्पेंद्र वर्मा, मंजू बिजौरा, सरस्वती वर्मा, रिखी राम वर्मा, हीरा सिंह ध्रुव, रामकुमार साहू आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीण जीवन दर्शन भारत की आत्मा का है प्रतीक : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने अपनी पत्नी सहित शिवरीनारायण पहुंचकर भगवान का दर्शन–पूजन किया। श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ने मठ मंदिर में अपने सहयोगियों सहित उनका स्वागत किया। कुलपति के सम्मान में श्री महन्त लाल दास शिक्षण समिति द्वारा संचालित महाविद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के उत्कृटम महाविद्यालय को देखकर प्रसन्नता हो रही है। इसकी यहां नितांत आवश्यकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श वाक्य को याद करते हुए उन्होंने कहा कि 'भारत की आत्मा गांवों में निवास करती है। देश की अधिकतम आबादी गांव में ही निवासरत है। हमें ग्रामीण क्षेत्र में भी नगरों और महानगरों की तरह उच्चतम शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को उन्होंने कहा कि आप अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए जी जान से लग जाएं सफलता अवश्य मिलेगी। आपका उज्ज्वल भविष्य आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। इस अवसर पर निरंजन लाल अग्रवाल, बृजेश केसरवानी, प्राचार्य कमलेश पटेल एवं महाविद्यालय स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित थे।



# बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र-हटौद में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों द्वारा वार्षिक बाल कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधि रामचंद्र ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत असनींद, यशवंत कुमार जाटवर समिति प्रबंधक, संकुल प्राचार्य एमएल कश्यप, संकुल समन्वयक नीलकमल साहू सहित सभी विद्यालयों के प्रधानपाठक, शिक्षक शिक्षिकाओं, बच्चों गणमान्य नागरिक गणों की उपस्थिति में श्रीफल तोड़कर किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से राज्य 100 मीटर दौड़ से खेल का शुभारंभ किया गया, जिसमें प्राथमिक विद्यालयों से 100 मी. दौड़, जलेबी दौड़, सुई धागा दौड़, कुर्सी दौड़ फुगड़ी, माध्यमिक विभाग से ऊंचीकूद, लंबीकूद, रेले रेस, गोला फेंक, तवा फेक, 200 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, आदि विभिन्न प्रकार के खेलों में सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर सरपंच रामचंद्र ध्रुव ने कहा कि खेलकूद पढ़ाई का एक अभिन्न अंग है, इससे बच्चों में बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक विकास होता है। वहीं संकुल प्राचार्य एमएल कश्यप ने कहा कि हमारे संकुल में यह लगातार द्वितीय वर्ष है जिसमें संकुल के सभी विद्यालयों के सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और अपनी प्रतिभा दिखाकर खेलो अपना स्थान बनाते हैं यह पढ़ाई का एक अभिन्न अंग है। इसी तरह संकुल शैक्षिक समन्वयक नीलकमल साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे संकुल स्तर से अपनी अपनी प्रतिभा दिखाकर ब्लॉक, जिला, संभाग, राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाकर रोशन करते है, जिससे पढ़ाई लिखाई में विशेष बोनस अंक मिलता है । उक्त संकुल स्तरीय त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में स्थानीय जन प्रतिनिधि रामचंद ध्रुव समिति प्रबंधक- हटौद यशवंत कुमार जाटवर, संकुल प्राचार्य एमएल कश्यप, संकुल शैक्षिक समन्वयक नीलकमल साहू, प्रधान पाठक हटौद, धनेश्वर साहू, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक बम्हनी हरदयाल सिंह ठाकुर, साहेब लाल पटेल, रामसागर कोसले, एमआर कैवर्त, फागुराम मांडले, विशाहु दास महंत, छोटेलाल वर्मा, विनोद चेलक, नंदकुमार पैकरा, एमआर घृतलहरे, किरण पैकरा, टीकम पैकरा सहित गणमान्य नागरिकगण शिक्षक, शिक्षिका एवं बच्चे मौजूद रहें।







